# 93 फीसदी सड़क दुर्घटनाओं के लिये लोग जिम्मेदार

**खास बातें**
- 7 फीसदी दुर्घटना के लिये सड़क या साइन बोर्ड की कमी जिम्मेदार
- राज्य स्तरीय कार्यशाला में पेश रिपोर्ट में खुलासा
- हेलमेट पहनना और सीट बेल्ट लगाना नहीं भूले : सीएम



**प्रशासनिक संवाददाता**

भोपाल, 15 अक्टूबर. देश और प्रदेश में जो सड़क दुर्घटनाएं होती है, उसमें से 93 फीसदी दुर्घटनाओं के लिये लोग जिम्मेदार हैं, ये दुर्घटनाएं केवल मानवीय गलती का परिणाम होते हैं, वहीं केवल 7 फीसदी ही सड़क दुर्घटनाओं के लिये उसकी डिजाइन या फिर साइन बोर्ड का नहीं लगाया जाना जिम्मेदार होता है. इस बात का खुलासा आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में सड़क सुरक्षा उपायों पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला के दौरान हुआ, जब लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव सुखबीर सिंह ने प्रजेंटेशन के दौरान इस संबंध में स्थिति साफ की. उन्होंने बताया कि प्रदेश में 1041 ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए हैं, जिन पर लघु अवधि के सुधार कार्य पूरे कर लिए गए हैं, जबकि दीर्घकालिक उपाय लोक निर्माण विभाग द्वारा 2027 और एमपीआरडीसी द्वारा 2028 तक पूर्ण किए जाएंगे. वहीं कार्यशाला में हिस्सा लेते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जीवन अनमोल है. तेजी में या असावधानीवश सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी किसी भी सूरत में उचित नहीं है. दुनिया का कोई भी काम किसी की जिंदगी से बड़ा नहीं होता, इसलिए चाहे जितनी भी जल्दी हो, सड़क पर चलते समय सुरक्षा नियमों का पालन करना हर नागरिक का प्राथमिक कर्तव्य है. उन्होंने अपील की कि सभी लोग दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनें और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाना कतई न भूलें।. मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सुधरेंगे, तो जग भी सुधरेगा। सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना न केवल हमारी जरूरत है, बल्कि एक जागरूक नागरिक के रूप में हमारी बड़ी जिम्मेदारी भी है. सिविक सेंस कहता है कि वाहन चलाते समय हमें अपने साथ दूसरों के जीवन की सुरक्षा का दायित्व भी समझना चाहिए. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रिमोट का बटन दवाकर सड़क सुरक्षा के आधुनिक उपायों पर आधारित एडवांस एप्लीकेशन संजय का शुभारंभ किया. कार्यशाला में लोक निर्माण विभाग एवं मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम लिमिटेड द्वारा आईआईटी मद्रास और सेव लाइफ फाउंडेशन के साथ डीडीएचआई और सड़क सुरक्षा प्रबंधन पर दो अलग एमओयू हस्ताक्षरित कर परस्पर आदान-प्रदान किये गये.



लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि विभाग ने सड़क निर्माण कार्यों में गुणवत्ता नियंत्रण को प्राथमिकता दी है. प्रदेश में हर माह दो बार औचक निरीक्षण किए जा रहे हैं, जिनमें सड़कों और भवनों की गुणवत्ता की जांच की जाती है.

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि देश में होने वाली लगभग 53 प्रतिशत दुर्घटनाएं दोपहिया वाहनों से जुड़ी हैं. यदि हेलमेट का सही उपयोग किया जाए तो 60 प्रतिशत जानें बचाई जा सकती हैं. मुख्य सचिव ने कहा कि भारत सरकार एक नया इमरजेंसी रिस्पॉन्स सिस्टम शुरू कर रही है, जिसके तहत दुर्घटना की सूचना तुरंत अस्पताल तक पहुंचेगी और पहले सात दिनों का इलाज डेढ़ लाख रुपये तक नि:शुल्क कराया जाएगा.



## एसीएस जीएडी की अध्यक्षता में विभागीय आडिट समिति गठित

**भोपाल.** महालेखाकार ग्वालियर द्वारा प्रतिवर्ष राज्य लेखों का अंकेक्षण किया जाता है. अंकेक्षण प्रतिवेदन में संवैधानिक प्रावधानों के अधीन उठाई गई विभागीय अंकेक्षण आपत्तियों के प्रभावी पुनरावलोकन एवं त्वरित निराकरण के लिए राज्य शासन ने अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन विभाग की अध्यक्षता में विभागीय आडिट समिति का गठन किया गया है. समिति में संबंधित सभी विभागाध्यक्ष एवं अन्य संस्था और वित्त विभाग का प्रतिनिधि अपर सचिव/उप सचिव, बजट-8 अनुभाग सदस्य होंगे. वरिष्ठ उप महालेखाकार और उप महालेखाकार को सदस्य सचिव बनाया गया है.

# पटवारी ने किसानों के साथ निकाला मार्च

## उचित एमएसपी और प्रत्यक्ष सहायता की रखी मांग

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 15 अक्टूबर. मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मंगलवार को किसानों की लंबित मांगों को लेकर एक प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया. उन्होंने अपने कंधे पर अनाज का बोरा उठाकर सैकड़ों किसानों के साथ प्रदेश कांग्रेस कार्यालय से केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के निवास तक पैदल मार्च निकाला.**

इस प्रदर्शन का उद्देश्य किसानों को उनकी फसलों का उचित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) दिलाने की मांग को जोरदार ढंग से उठाना था.



पटवारी ने कहा कि किसानों को अब भावांतर नहीं, भाव चाहिए. उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार पर किसानों से किए गए वादे पूरे न करने का आरोप लगाया. पटवारी ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने वादा किया था कि धान का एमएसपी 3,100 प्रति क्विंटल, गेहूं का 2,700 और सोयाबीन का 6,000 तय किया जाएगा.

### पटवारी ने सरकार से की मांग

फसलों का सटीक सर्वे कर बीमा और मुआवजा योजना को प्रभावी बनाया जाए. प्याज को भावांतर योजना के बजाय 14-15 प्रति किलो की दर से खरीदा जाए. सोयाबीन का एमएसपी 6,000, गेहूं का 2,700 और धान का 3,100 प्रति क्विंटल तय किया जाए. किसानों को 20,000 प्रति बीघा की प्रत्यक्ष आर्थिक सहायता दी जाए. प्रदर्शन के दौरान किसानों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार की किसान-विरोधी नीतियों के खिलाफ नारे लगाए.

# किसानों की नहीं, बल्कि कैमरों की चिंता

## पटवारी के रवैये पर खण्डेलवाल ने दी तीखी प्रतिक्रिया

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 15 अक्टूबर. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के निवास पर किए गए प्रदर्शन को राजनीतिक स्टंटबाजी और अन्नदेवता का अपमान बताया है.**

खण्डेलवाल ने कहा कि आज कांग्रेस के नेता जीतू पटवारी ने एक ऐसी हरकत की है, जो किसी जिम्मेदार नेता को शोभा नहीं देता. बिना किसी पूर्व सूचना के वे केंद्रीय कृषि मंत्री के घर पर पहुंच गए. सोयाबीन की बात कर रहे थे और गेहूं लेकर प्रदर्शन करने पहुंच गए. यह दर्शाता है कि उन्हें किसानों की नहीं, बल्कि कैमरों की चिंता है.

बिना पूर्व सूचना के इस तरह का राजनीतिक स्वांग लोकतांत्रिक परंपराओं का अपमान है. उन्होंने कहा कि मैं केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की सराहना करता हूं जिन्होंने सम्मानपूर्वक बुलाया और आदरपूर्वक बात की. यह निदंनीय है कि जीतू पटवारी किसानों को बाहर छोड़कर अंदर जाकर कैमरों के सामने नाटक करने में व्यस्त थे.

### कांग्रेस ने किसानों को धोखा दिया



खण्डेलवाल ने कहा कि कर्जमाफी के नाम पर किसानों को छलने वाली कांग्रेस पार्टी ने कभी किसानों के हित में कोई कार्य नहीं किया. कांग्रेस ने हमेशा किसानों को धोखा दिया और अब तो उन्होंने अन्नदेवता का भी अपमान करना शुरू कर दिया है. उन्होंने कहा कि जीतू पटवारी ने अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए जिस तरह बीच सड़क पर अनाज फैलाया, वह न केवल किसानों की मेहनत का अपमान है बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपराओं का भी अनादर है.

# गिरफ्तार डीएसपी सहित 10 पुलिसकर्मियों को जेल

**सिवनी, 15 अक्टूबर . मध्यप्रदेश के सिवनी जिले में हुए चर्चित हवाला कांड में गिरफ्तार डीएसपी पूजा पांडे सहित कुल 10 पुलिस कर्मचारियों को बुधवार को माननीय न्यायालय सिवनी के समक्ष पेश किया गया, जहां सभी को 17 अक्टूबर तक की पुलिस रिमांड पर जेल भेज दिया गया है. वहीं, एक आरोपी की तलाश अब भी जारी है.**

मिली जानकारी के अनुसार, 8 अक्टूबर की रात लखनवाड़ा थाना क्षेत्र में हुए हवाला कांड में डीएसपी पूजा पांडे और बंडोल थाना प्रभारी अर्पित भैरम सहित कुल 11 पुलिसकर्मियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 310(2) डकैती, 126(2) गलत तरीके से रोकना, 140(3) अपहरण तथा 61(2) आपराधिक षड्यंत्र के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है.

पुलिस ने इस मामले में डीएसपी पूजा पांडे, एसआई अर्पित भैरम, आरक्षक योगेंद्र चौरसिया, नीरज राजपूत, जगदीश यादव, केदार बघेल, माखन इनवाती, सुभाष सदाफल, रविंद्र उईके और चालक रितेश को गिरफ्तार किया है. वहीं, आरोपी आरक्षक राजेश जंघेला की गिरफ्तारी शेष है.



## महिला क्रिकेट टीम के सदस्यों ने किए श्री महाकाल के दर्शन

**उज्जैन.** भारतीय महिला क्रिकेट टीम एवं कोचिंग स्टाफ के सदस्यों ने आज तड़के मध्यप्रदेश के उज्जैन स्थित भगवान महाकालेश्वर मंदिर में होने वाली भस्म आरती में शामिल होकर श्री महाकाल के दर्शन किये. क्रिकेट महिला टीम एवं कोचिंग स्टाफ के सदस्य तड़के श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे और भगवान के दर्शन कर भस्म आरती में सम्मिलित होकर आशीर्वाद प्राप्त किया. टीम के प्रमुख सदस्यों में कप्तान हरमनप्रीत कौर, उपकप्तान स्मृति मंधाना, प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, दीप्ति शर्मा, रेणुका सिंह ठाकुर, अरुंधति रेड्डी, राधा यादव, चरणी सहित अन्य खिलाड़ी एवं कोचिंग सदस्य उपस्थित रहे.

## नगर परिषद अध्यक्ष के पति को गोली मारी

**पन्ना.** नगर परिषद देवेंद्रनगर की अध्यक्ष शुभांगी गुप्ता के पति ललित गुप्ता को एक युवक ने चलती कार में गोली मार दी, जिन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवेंद्रनगर में ले जाया गया. हालत गंभीर होने के कारण उन्हें सतना रेफर कर दिया गया. जानकारी के अनुसार नगर परिषद अध्यक्ष के पति ललित गुप्ता शरीफ ढाबा के पास से कार से जा रहे थे, तभी युवक आकाश साहू निवासी नंदया जिला छतरपुर ने कार मे बैठे ललित पर गोली चला दी, जो उनके कान पर लगी. घायल अवस्था में ही उन्होंने आरोपी युवक की पिस्टल छीन ली, लेकिन आरोपी युवक मौके से फरार हो गया. बताया गया कि आरोपी युवक कुछ दिनों से एक लॉज में ठहरा हुआ था.

# शहरों को विकसित करने रोडमैप होगा तैयार

## भोपाल और इंदौर आर्थिक क्षेत्र पर होगा फोकस

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 15 अक्टूबर. राज्य शासन द्वारा जी हब पहल के तहत शहरी क्षेत्र को ग्रोथ हब के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से मुख्य सचिव की अध्यक्षता में संचालन समिति का गठन किया गया है.**

इसके साथ ही जी-हब क्रियान्वयन इकाई समिति भी गठित की गयी है. इस पहल द्वारा चिन्हित नगरीय क्षेत्र के आर्थिक विकास की रणनीति तथा इसे प्राप्त करने के लिए रोडमैप तैयार किया जायेगा. इस कार्य में नीति आयोग द्वारा सहयोग प्रदान किया जायेगा. मध्यप्रदेश शासन द्वारा भोपाल आर्थिक क्षेत्र (भोपाल, राजगढ़, विदिशा, रायसेन एवं सीहोर) के लिए एवं इंदौर आर्थिक क्षेत्र (इंदौर, उज्जैन, देवास, धार, खरगोन, रतलाम, शाजापुर एवं खंडवा) को ग्रोथ हब के रूप में विकसित करने के लिए इकोनॉमिक प्लान तैयार करने का अनुरोध नीति आयोग को भेजा जा चुका है. संचालन समिति में अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास, वित्त, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम, उदयम, पर्यावरण, वन, गृह, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, ऊर्जा, स्कूल शिक्षा, सदस्य होंगे. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मप्र राज्य नीति आयोग को सदस्य-सचिव बनाया गया है.

संचालन समिति के कार्य अंतर्गत राज्य स्तर पर जी-हब इनिटेएटिव की दिशा एवं रणनीति निर्धारण करना, भोपाल आर्थिक क्षेत्र एवं इंदौर आर्थिक क्षेत्र के लिए इकोनॉमिक प्लान तैयार करने के लिए नीति आयोग एवं अन्य विभागों के साथ समन्वय स्थापित किया जायेगा.

### समिति करेगी मार्गदर्शन

अंतर्विभागीय समन्वय सुनिश्चित करना एवं आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करना, प्रगति की नियमित समीक्षा करना और अन्य राज्यों/ अंतराष्ट्रीय स्तर की बेस्ट प्रैक्टिसेज को अपनाने के लिए मार्गदर्शन देना जैसे काम समिति द्वारा किये जायेंगे. जी-हब क्रियान्वयन के तहत भोपाल आर्थिक क्षेत्र मे अध्यक्ष आयुक्त, नगरीय प्रशासन एवं विकास को बनाया गया है. आयुक्त-भोपाल एवं नर्मदापुरम, जिला कलेक्टर-भोपाल, राजगढ़, विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम एवं सीहोर और नगर निगम आयुक्त-भोपाल, मुख्य नगरपालिका अधिकारी- राजगढ़, विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम, एवं सीहोर समिति में सदस्य होंगे.

# 30 से होगी अखिल भारतीय कार्यकारी मण्डल की बैठक

**जबलपुर, 15 अक्टूबर. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रतिवर्ष होने वाली 'अखिल भारतीय कार्यकारी मण्डल' बैठक इस संघ शताब्दी वर्ष में मध्य प्रदेश के महाकौशल प्रांत में, जबलपुर शहर में 30-31 अक्टूबर एवं 1 नवम्बर 2025 को होने जा रही है.**

यह बैठक दीपावली के पश्चात संपन्न होगी. अखिल भारतीय कार्यकारी मण्डल में संघ रचना के सभी 46 प्रांतों के प्रांत संघचालक, कार्यवाह तथा प्रचारक एवं सह प्रांत संघचालक, कार्यवाह तथा प्रचारक अपेक्षित रहते हैं. इस बैठक में संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन जी भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले तथा सभी छह सह सरकार्यवाह एवं अन्य अखिल भारतीय कार्य विभाग प्रमुखों सहित कार्यकारिणी के सदस्य भी उपस्थित रहेंगे.

संघ के शताब्दी वर्ष का शुभारंभ हाल ही में संपन्न विजयादशमी के पावन पर्व पर नागपुर सहित देश भर में आयोजित विशेष उत्सवों से हुआ है. इस अवसर पर सरसंघचालक के उद्बोधन में प्रस्तुत महत्वपूर्ण मुद्दों के अनुवर्तन पर इस बैठक में चर्चा होगी. बैठक में शताब्दी वर्ष के सभी कार्यक्रमों की अभी तक तैयारियों की समीक्षा भी होगी. बैठक में सभी प्रांत अपनी शताब्दी योजनाओं के संदर्भ में विस्तृत वृत्त एवं विवरण प्रस्तुत करेंगे.

# ठंडी हवाओं ने मध्यप्रदेश में दी दस्तक

## प्रदेश के अधिकांश जिलों में तापमान में बदलाव

**भोपाल, 15 अक्टूबर. प्रदेश में मानसून धीरे-धीरे समाप्त हो रहा है, लेकिन इस बार ठंडी हवाओं ने अचानक दस्तक दे दी है. कई जिलों में दिन में तेज धूप रहती है, लेकिन शाम होते ही तापमान गिरने लगता है. इस कारण दिन में गर्मी और रात में ठंड का अनुभव हो रहा है.**



मौसम विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटों में अधिकतम तापमान में रीवा संभाग के जिलों में 2.4℃ तक वृद्धि हुई. वहीं इंदौर संभाग में यह सामान्य से 3.2℃ तक कम रहा. भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर और चंबल संभागों में अधिकतम तापमान सामान्य से 2.2℃ - 2.9℃ तक कम दर्ज किया गया.

न्यूनतम तापमान में भोपाल संभाग के जिलों में 3.4एष्ट तक वृद्धि हुई. इंदौर और ग्वालियर संभागों में यह सामान्य से 1.8एष्ट - 3.0℃ तक कम रहा, जबकि नर्मदापुरम और शहडोल संभागों में 3.1℃ - 4.1℃ तक अधिक रहा. शेष सभी संभागों में तापमान सामान्य रहा.

दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी रेखा 14ए उत्तर/72ए पूर्व से 23ए उत्तर/98ए पूर्व तक फैली हुई है. माध्य समुद्र तल से 5 .8 किमी ऊँचाई पर सक्रिय दक्षिण-पूर्वी अरब सागर और लक्षद्वीप क्षेत्र में चक्रवातीय परिसंचरण के प्रभाव से 19 अक्टूबर के आसपास एक निम्न दबाव क्षेत्र बनने की संभावना है. प्रभावित जिले- नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, बड़वानी, धार, इंदौर, देवास, अनुपपुर, डिंडोरी, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पांढुर्णा.

# पारिवारिक विवाद में युवक की गोली मारकर हत्या

**सागर, 15 अक्टूबर. मध्य प्रदेश के सागर जिले के मालथौन थाना अंतर्गत नीमखेड़ा में बीती रात पारिवारिक विवाद के चलते एक युवक की गोली मारकर एवं गला रेंतकर हत्या कर दी गई. युवक पर हमले के दौरान आरोपियों द्वारा कट्टे से फायर भी किए गए.**

पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध हत्या और जानलेवा हमला का मामला दर्ज कर विवेचना में ले लिया है. मालथौन थाना प्रभारी अशोक यादव ने बताया कि कल मंगलवार की रात्रि में 9 बजे के आसपास नीमखेड़ा निवासी सुरेंद्र सिंह दांगी और 6 अन्य लोगों ने चचेरे भाई शुभम पिता राम सिंह दांगी उम्र 28 वर्ष पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया और कट्टे से फायर कर घायल कर दिया. युवक की गला रेंतकर हत्या करना सामने आया है. बीच बचाव करने आए मृतक के भाई रणवीर सिंह दांगी भी घायल हो गए, जिसके पेट में लगी गोली बाहर निकल गई. पुलिस के अनुसार घटना का कारण आपसी रंजिश और पुरानी बुराई बताई गई है. दोनों एक ही परिवार के सदस्य हैं. पुलिस के अनुसार ही आरोपी सुरेंद्र सिंह की पत्नी का थाने में गुमइंसान भी दर्ज है. जिसमें आरोपियों को शक था कि शुभम ही शामिल है. आज मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया और शव परिजनों को सौंप दिया गया.

**कार्यक्रम** | शिवराज सिंह ने महिला किसान दिवस कार्यक्रम में की सहभागिता

# लखपति दीदी मेरे जीवन का मिशन है : शिवराज

**भोपाल/नई दिल्ली, 15 अक्टूबर 2025. केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को भोपाल के रवींद्र भवन में आयोजित महिला किसान दिवस कार्यक्रम में सहभागिता की.**

इस दौरान उन्होंने कहा कि मेरे लिए बहनों की सेवा ही भगवान की पूजा है. अगर आपको कोई जिम्मेदारी मिली है तो ऐसा काम करो कि लोगों की जिंदगी बदल जाए. उन्होंने कहा कि धरती के संसाधनों पर बहन-बेटियों का समान हक है —हवा, पानी, खेत और खनिज सभी पर उनका अधिकार है. कार्यक्रम में महिला किसानों ने अपनी सफलता की कहानियाँ साझा कीं और कृषि में उनके योगदान पर चर्चा हुई.



शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि लखपति दीदी योजना अब मेरे जीवन का मिशन बन गई है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस योजना का उल्लेख स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से किया गया, जिससे इसकी महत्ता और बढ़ गई. उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री रहते हुए शुरू की गई यह पहल अब केंद्र में उनके पास कृषि और ग्रामीण विकास मंत्रालय के रूप में जारी है.

हर महीने मैं रियल टाइम में राज्यों से बात करता हूँ कि कितनी दीदी लखपति बनीं और उनके लिए क्या कदम उठाए गए. केंद्र सरकार स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बना रही है. उन्होंने कहा लाड़ली बहनें अब लखपति दीदी बनेंगी.

### महिलाओं के बिना अधूरी है खेती

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत की असली आत्मा गाँवों में बसती है. बिना खेती के गाँव अधूरे हैं और बिना महिलाओं के खेती अधूरी है. उन्होंने बताया कि सदियों से महिलाएं कृषि का अभिन्न हिस्सा रही हैं बीज बोने से लेकर कटाई और पशुपालन तक. पशुपालन में भी महिलाओं की भूमिका अत्यंत अहम है. खेती बिना बहनों के तब भी नहीं होती थी, अब भी नहीं होती. उन्होंने कहा कि महिलाएं कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मज़बूत धुरी हैं और उनके सशक्तिकरण से ही ग्रामीण भारत आत्मनिर्भर बनेगा.

# दिवाली पर चलेगी दो ट्रिप स्पेशल ट्रेन

**भोपाल, 15 अक्टूबर. त्योहारी सीजन में यात्रियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से पश्चिम मध्य रेलवे ने रानी कमलापति-हज़रत निजामुद्दीन -रानी कमलापति के बीच दो-दो ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है. रेल प्रशासन का उद्देश्य दिवाली के दौरान बढ़े हुए यात्री भार को सहज और सुगम बनाना है.**



ट्रेन संख्या 01661. रानी कमलापति-हज़रत निजामुद्दीन स्पेशल यह स्पेशल ट्रेन 17 एवं 18 अक्टूबर 2025 को रानी कमलापति स्टेशन से सुबह 07:30 बजे प्रस्थान करेगी. यह ट्रेन विदिशा (08:28 बजे), बीना (09:50), वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी (12:45), ग्वालियर (14:20), आगरा कैंट (16:45), मथुरा (18:00) होते हुए रात 20:15 बजे हज़रत निजामुद्दीन पहुँचेगी. सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि इस ट्रेन से मध्यप्रदेश और उत्तर भारत के यात्रियों को त्योहारी यात्रा में बड़ी सुविधा मिलेगी.

ट्रेन संख्या 01662: हज़रत निजामुद्दीन-रानी कमलापति स्पेशल यह स्पेशल ट्रेन 17 एवं 18 अक्टूबर 2025 को रात 21:25 बजे हज़रत निजामुद्दीन से प्रस्थान करेगी. यह मथुरा (23:55), आगरा कैंट (00:50), ग्वालियर (02:55), वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी (05:35), बीना (08:10), विदिशा (09:15) होते हुए सुबह 10:50 बजे रानी कमलापति पहुँचेगी. रेल प्रशासन ने बताया कि दोनों गाड़ियों का संचालन एक ही रूट पर किया जाएगा ताकि यात्रियों को वापसी में भी सहज सुविधा मिल सके.